**NEWS CLIPPING: 17.09.2020**

**PUNJAB KESARI**

# 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को किया सम्मानित

## जेसी बोस विश्वविद्यालय ने हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस



*सम्मानित शिक्षक एवं कर्मचारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं ले. जनरल (रि.) केएस यादव के साथ।*

फरीदाबाद, 16 सितम्बर (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद द्वारा बुधवार को अपना स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने वरिष्ठ शिक्षकों तथा कर्मचारियों को 25 वर्ष की सेवा पूरी करने पर स मानित किया। जेसी विश्वविद्यालय जोकि वर्ष 1969 में एक इंडो-जर्मन डिप्लोमा संस्थान के रूप में अस्तित्व में आया था और पहले वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के रूप में जाना जाता था, वर्ष 2009 में राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के स्तर पर अपग्रेड कर दिया गया था, ने अपनी स्थापना के 51 वर्ष पूरे कर लिए है। इस अवसर पर सरकार द्वारा जारी एसओपी और उचित दूरी का पालन करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में एक छोटा सा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) करण सिंह यादव, पूर्व कुलसचिव डॉ. शिमला तथा वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के पूर्व निदेशक-प्रिंसिपल डॉ. अशोक कुमार अरोडा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की उत्कृष्ट उपलब्धि तथा सेवाओं को मान्यता देने की परंपरा रही है। विश्वविद्यालय ने हाल ही में संस्थान के रूप में अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं और वर्ष 2019 को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही विश्वविद्यालय अपने कैंपस का विस्तार करेगा, जिसके लिए राज्य सरकार ने 18 एकड जमीन विश्वविद्यालय को आवंटित की है। इस संबंध में सभी औचारिकताएं पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसकी आधारशिला रखी जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. योगेश सिंह ने विश्वविद्यालय को 51 वर्ष पूरे करने पर बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को इस दिन उन सभी शिक्षकों के महान योगदान को याद रखना चाहिए, जिनके सामूहिक प्रयासों ने इस दिन को यादगार बनाया है और विश्वविद्यालय के आदर्श वाक्य 'विद्या परम भूषणम' भी हमेशा याद रखें। कार्यक्रम को कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) करण सिंह यादव, डॉ. शिमला, डॉ. अशोक कुमार अरोडा और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने भी संबोधित किया। जिन वरिष्ठ शिक्षकों तथा कर्मचारियों को 25 वर्ष की सेवा पूरी करने पर सम्मानित किया गया, उनमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर डॉ. संदीप ग्रोवर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर डॉ. पीआर शर्मा, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार डिमरी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में एचओएस ललित मोहन, मैनटेनेंस शाखा से एसडीई अनिल कुमार शर्मा तथा चीफ होस्टल वार्डन कार्यालय से हेल्पर अटेंडेंट महावीर सिंह शामिल रहे। इसके अलावा, प्रो. कोमल कुमार भाटिया, डॉ. नीलम दूहन, अंकित पन्नू और ओमदेव को विश्वविद्यालय में डिजिटल पहल को बढावा देने में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सिविल इंजीनियरिंग विभाग को श्रेष्ठ नवोदित विभाग का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विशिष्ट एलुमनाई अरुण भाटिया और मोहित वोहरा को भी सम्मानित किया गया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu, 17 September 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 17.09.2020**

**HINDUSTAN**

# मुख्यमंत्री अभियान का आगाज करेंगे

## आयोजन

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्मदिवस को 'युवा प्रेरणा दिवस' के तौर पर मनाएगा। 17 सितंबर को होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि रहेंगे। इसका आयोजन आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम को संबोधित कर आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका और भागीदारी को लेकर विचार रखेंगे। इस बाबत जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच है।

प्रधानमंत्री का जीवन और एक साधारण इंसान से देश के प्रधानमंत्री बनने तक का संघर्ष युवाओं के लिए प्रेरणा है। इस कारण उनके जन्मदिन को युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाने की योजना बनाई है। इस दिन विश्वविद्यालय की ओर से कॉर्पोरेट लीडर्स के लिए ऑनलाइन ग्लोबल टाउनहॉल का आयोजन करेगा।

### जेसी बोस विश्वविद्यालय में नवंबर तक चलेगी मुहिम

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के स्टार्ट-अप सेल में छात्रों की ओर से विकसित मोबाइल एप और लोकल के लिए वोकल को प्रोत्साहित करने के लिए अगले 70 दिनों तक चलाए जाने वाले अभियान की शुरुआत भी करेंगे। यह अभियान 30 नवंबर को प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक तथा वायरलैस कम्युनिकेशन के जनक जगदीश चन्द्र बोस की जयंती तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में विवि का प्रत्येक सदस्य अगले 12 महीनों तक 7वीं तारीख को एक 'मेक-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदने का संकल्प लेगा।

**NEWS CLIPPING: 17.09.2020**

**HINDUSTAN**

# जेसी बोस में कर्मचारियों को सम्मानित किया

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बुधवार को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने संस्थान में 25 वर्ष पूरा कर चुके शिक्षकों और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय परिसर में एक छोटा सा समारोह आयोजित किया गया। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे । विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) करण सिंह यादव, पूर्व कुलसचिव डॉ. शिमला और वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के पूर्व निदेशक-प्रिंसिपल डॉ. अशोक कुमार अरोड़ा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय की ओर से किया गया। मौके पर कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की उपलब्धि तथा सेवाओं को मान्यता देने की परंपरा रही है।

**NEWS CLIPPING: 17.09.2020**

**THE PIONEER**

# युवा प्रेरणा दिवस पर संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'युवा प्रेरणा दिवस' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। जिसका आयोजन आत्म-निर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यक्रम को संबोधित करेंगे तथा 'आत्मनिर्भर भारत' में युवाओं की भूमिता तथा भागीदारी को लेकर अपने विचार रखेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच की है, जिसका संपूर्ण जीवन तथा एक साधारण पृष्ठिभूमि से देश के प्रधानमंत्री बनने तक संघर्ष युवाओं के लिए प्रेरणा है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनकी दूरदर्शी सोच और मिशन का समर्थन करते हुए विश्वविद्यालय ने 17 सितंबर 2020 का दिन 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाने की पहल की है।कुलपति ने बताया कि इस दिन विश्वविद्यालय 'मोदी-फाय विद बोस' शीर्षक के साथ कॉर्पोरेट लीडर्स के लिए ऑनलाइन ग्लोबल टाउनहॉल (बैठक) का आयोजन करेगा, जिसमें विश्वविद्यालय तथा संबद्ध कालेजों के विद्यार्थी डिजिटल माध्यमों से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विश्वविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर किया जायेगा।

**NEWS CLIPPING: 17.09.2020**

## AMAR UJALA

# वाईएमसीए ने मनाया स्थापना दिवस



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) फरीदाबाद ने बुधवार को अपना स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने वरिष्ठ शिक्षकों तथा कर्मचारियों को 25 वर्ष की सेवा पूरी करने पर सम्मानित किया। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय वर्ष 1969 में एक इंडो-जर्मन डिप्लोमा संस्थान के रूप में अस्तित्व में आया था और पहले वाईएमसीए इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के रूप में जाना जाता था। वर्ष 2009 में राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के स्तर पर अपग्रेड कर दिया गया था। इस अवसर पर सरकार द्वारा जारी एसओपी और उचित दूरी का पालन करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में एक छोटा सा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) करण सिंह यादव, पूर्व कुलसचिव डॉ. शिमला तथा वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के पूर्व निदेशक-प्रिंसिपल डॉ. अशोक कुमार अरोड़ा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा किया गया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 17.09.2020**

## DAINIK BHASKAR

# जेसी बोस विवि के दूसरे कैंपस की आधारशिला जल्द रखी जाएगीः कुलपति

**फरीदाबाद**| जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अपने स्थापना दिवस पर वरिष्ठ शिक्षकों तथा कर्मचारियों को 25 वर्ष की सेवा पूरी करने पर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कुलपति ने बताया कि जल्द ही विश्वविद्यालय अपने कैंपस का विस्तार करेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 18 एकड़ जमीन विश्वविद्यालय को आवंटित की है। इस संबंध में सभी औचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही इसकी आधारशिला रखी जाएगी। जिन वरिष्ठ शिक्षकों तथा कर्मचारियों को 25 वर्ष की सेवा पूरी करने पर सम्मानित किया गया, उनमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रो. डॉ. संदीप ग्रोवर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर डा. पीआर शर्मा, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार डिमरी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में एचओएस ललित मोहन, मेंटिनेंस शाखा से एसडीई अनिल कुमार शर्मा तथा चीफ होस्टल वार्डन कार्यालय से हेल्पर अटेंडेंट महाबीर सिंह शामिल थे।